राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक 31–05–2019

–: प्रेस नोट :–

आज दिनांक 31.05.2019 को प्री–लिटिगेशन समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता आयोग के माननीय सदस्य श्री शिवसिंह राठौड़ द्वारा की गई। बैठक में आयोग के सचिव श्री के.के. शर्मा, विधिक सलाहकार श्री अश्विनी विज, संयुक्त सचिव श्रीमती दीप्ति शर्मा, उप विधि परामर्शी श्री अनिल गुप्ता उपस्थित रहे।

प्री–लिटिगेशन समिति द्वारा कुल 31 प्रकरणों पर विचार कर निस्तारित किया गया। उक्त प्रकरणों में द्वितीय श्रेणी भर्ती परीक्षा 2018, आर.ए.एस. परीक्षा 2018, कनिष्ठ लेखाकार व तहसील राजस्व लेखाकार परीक्षा 2013, सहायक वन संरक्षक एवं वन रेंज ऑफिसर ग्रेड–I परीक्षा आदि से संबंधित विभिन्न प्रकरण यथा त्रुटि संशोधन, प्राथमिकता क्रम में बदलाव, वर्ग परिवर्तन, आरक्षण, संबंधी प्रकरण थे।

इसमें से 03 प्रकरणों में अभ्यावेदक को व्यक्तिगत सुनवाई का मौका दिया गया। 05 प्रकरणों को आस्थगित (Defer) किया जाकर पुनः आगामी बैठक में रखे जाने हेतु समिति द्वारा निर्देशित किया गया।

(दीप्ति शर्मा)
संयुक्त सचिव एवं
सदस्य सचिव–प्री–लिटिगेशन समिति